प्रादेशिक समाचार
26.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. आपातकाल की 50वीं वर्शगांठ पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस की तीखी आलोचना की, आपातकाल को बताया लोकतंत्र की हत्या, राज्य सरकार पर भी साधा निशाना।

2. राज्य में नशामुक्ति अभियान का हुआ सफल समापन, नशामुक्ति से जुड़े पोर्टल का हुआ शुभारंभ, राज्यव्यापी प्रयासों से 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम हुए आयोजित।

3. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार पर आदिवासी समाज के साथ विश्वासघात करने का लगाया आरोप, कहा – पेसा कानून नियमावली लागू करने में सरकार नाकाम।

4. एसीबी ने रिश्वतखोरी के अलग अलग मामलों में धनबाद और लोहरदगा में की कार्रवाई, दो कर्मचारी रंगे हाथ हुए गिरफ्तार।

5. मौसम विभाग ने राज्य में भारी बारिश और वज्रपात का जारी किया अलर्ट, गरज–चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना।

**********************

आपातकाल की 50वीं बरसी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पुराना विधानसभा भवन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट और प्रदेश भाजपा कार्यालय में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के शासन में लोकतंत्र की हत्या हुई थी और आज की 105 करोड़ युवा आबादी को आपातकाल की सच्चाई जाननी चाहिए।
प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी कार्यक्रम में लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवाओं से राजनीति में सेवा भाव के साथ जुड़ने की अपील की।

**********************

इधर सरायकेला ज़िले मे आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में प्रदर्शनी सभा एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जहां केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस और इंदिरा गांधी की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आपातकाल देश के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था, जिसमें प्रेस की स्वतंत्रता तक खत्म कर दी गई थी। अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार की मईया सम्मान योजना को चुनावी स्टंट बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को कोई लाभ नहीं मिलने वाला।

**********************

राज्य में 10 जून से चलाए जा रहे मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का समापन आज डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में हुआ। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस अभियान को राज्य को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक नई शुरुआत बताया। इस दौरान नशामुक्ति से जुड़ी सभी जानकारियां, जागरूकता सामग्री और राज्य की उपलब्धियों से जुडी रेजिस्ट झारखंड डॉट गोव डॉट इन पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने अफीम की खेती के खिलाफ चलाए गए अभियान को सफल बताया, जिसमें इस वर्ष 27,000 एकड़ भूमि पर अफीम की फसल नष्ट की गई। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि ड्रग्स के विरुद्ध अब तक 350 मामले दर्ज किए गए और 318 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। अभियान के दौरान 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**********************

नशा मुक्ति को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिले में चलाए जा रहे अभियान में न्याय प्रशासन भी अहम भूमिका अदा कर रहा है।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आदिवासी समाज के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया। आज जमशेदपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार पेसा कानून नियमावली लागू करने में नाकाम है।

**********************

उपराजधानी दुमका में हूल दिवस के अवसर पर आज से हूल पदयात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्ग के लोग शामिल हुए। सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और संताल विद्रोह के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पदयात्रा दुमका से भोगनाडीह के लिए रवाना हुई। जामा विधायक लुईस मरांडी ने इसे आदिवासी अस्मिता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। 30 जून को भोगनाडीह में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

**********************

धनबाद में एसीबी की टीम ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय में छापेमारी कर कंप्यूटर आपरेटर अनीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने म्यूटेशन अपील की फाइल आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत मांगी थी। एसीबी के एएसपी बिनोद कुमार महतो ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद आरोपी को पैसे लेते पकड़ा गया और कई दस्तावेज भी जब्त किए गए।

इधर लोहरदगा में एसीबी रांची की टीम ने विशेष प्रमंडल के कैशियर वरुण कुमार को चार हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने आंगनबाड़ी जीर्णोद्धार योजना के फाइनल भुगतान के लिए रिश्वत मांगी थी।

**********************

रामगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधे दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इनकी गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने हथियार, जिंदा गोली, बाइक और मोबाइल भी बरामद किए हैं।

**********************

आकाशवाणी रांची में आज अप्रैल से जून 2025 की तीमाही की पहली राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था –हिन्दी का वर्तमान स्वरूप और उसकी प्रासंगिकता।

मौके पर मुख्य अतिथि सह प्रवक्ता पंकज मित्रा ने हिन्दी भाषा के स्वीकारता पर जोर देते हुए सबके सामूहिक प्रयास का आह्वान किया।

श्री मित्रा ने इस दौरान हिन्दी भाषा के बदलते स्वरूप की भी व्याख्या की और कहा भारत देश में हिन्दी भाषा को पूर्ण रूप से अपनाने पर ही वैश्विक रूप से ही इसकी प्रासंगिकता को नई पहचान मिलेगी। इसके लिए हम सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए और मिले हुए अवसरों का लाभ उठाएं। इस अवसर पर आकाशवाणी के कार्यालय प्रमुख डीसी हेम्ब्रम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**********************

राज्य में आज कई जगहों पर भारी बारिश दर्ज की गई और आगामी दिनों में भी बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम समेत कई जिलों में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक गरज–चमक के साथ बारिश और तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है।

*********समाप्त*********